Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi

**Discount Code TBC10**

Contact:

**Kunika Advertising**

Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad

**Mo. 8130640000**



**Year**-14 **Issue**- 23
Ghaziabad, Sunday, 06 November- 2022

06 November to 12 November- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691

**DAVP Code:** 101473

**Editor:** Dheeraj Kumar

**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in


Page 2



Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### बेसिक शिक्षा विभाग ने बच्चों को निपुण बनाने के लिए चलाया रीडिंग अभियान

बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता ज्ञान बहाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग 45 दिवसीय रीडिंग कैंपेनिंग (पठन अभियान चलाएगा। इस अभियान के दौरान निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए कक्षा व दिन बार शैक्षिक गतिविधियों को रोस्टर तैयार किया गया है। अभियान में नौनिहालों में पढ़ने–सीखने की प्रवृत्ति के आधार पर स्वतंत्र रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन तथा मौखिक और लिखित दोनों में अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित की जाएगी। निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने व बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता ज्ञान बढ़ाने के लिए 45 दिन का विशेष पठन अभियान संचालित होगा रीडिंग कैंपेनिंग में विद्यार्थियों के पढ़ने व सीखने के आधार पर स्वतंत्र रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन तथा मौखिक और लिखित दोनों में अभिव्यक्ति करने की क्षमता विकसित करते हुए वर्तमान परिवेश और वास्तविक जीवन की स्थिति से जोड़ने में मदद की जाएगी। अभियान में नौनिहालों में समझ के साथ पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ाते हुए स्कूल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में उनों अपेक्षित सफलता प्राप्त करने में दक्ष किया जाएगा।


**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements


# एनसीआर में छाया फॉग, नोएडा के स्कूलों में आठवीं तक आनलाइन होगी पढाई



**ये लगी पाबंदियां**

- पीएनजी संचालित औद्योगिक इकाइयों को छोड़कर सभी बंद की गई हैं।
- सरकारी परियोजनाओं से जुड़े निर्माण कार्य और ध्वस्तीकरण पर रोक लगी है।
- राज्य सरकार स्कूल, कालेज, संस्थान, गाड़ियों के आड–ईवन नियम से जुड़े फैसले ले सकती है।
- सरकारी और निजी दफ्तर में 50% कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम दिया गया है।
- कूड़े , गार्बेज , पत्ते, कोयला और तंदूर जलाना प्रतिबंधित है।
- किसी प्रकार का खनन का काम नहीं होगा।

**गाजियाबाद/नोएडा।** एनसीआर में जहरीली हवा से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी अदक400 के पार जा चुका है। ये गंभीर श्रेणी है। इसको देखते हुए GRAP यानी 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' का चौथा चरण लागू किया गया है। इसलिए नोएडा जिला प्रशासन की ओर से एक से कक्षा आठ तक स्कूलों में सिर्फ आनलाइन ही पढ़ाई होगी।

गौतमुबद्धनगर DIOS धर्मवीर सिंह ने 8 नवंबर तक कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्ड के स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। इस दौरान सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई होगी। स्कूलों में होने वाली सभी तरह की आउटडोर एक्टिविटी पर रोक लगा दी गई है। 9वीं से 12वीं तक के स्कूलों में भी ऑनलाइन पढ़ाई कराने का सुझाव दिया गया है। वहीं, नोएडा और गाजियाबाद में डीजल वाहन, सरकारी कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी गई है।

डीजल से चलने वाले हल्के और भारी वाहन नहीं चलेंगे। आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को छूट है।

## वार्ड आरक्षण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में बैठक, नगर आयुक्त ने सौंपी सूची

**गाजियाबाद।** वार्ड आरक्षण की सूची को लेकर राजनैतिक गलियारों में हलचल मची है। क्योंकि वार्ड आरक्षण की सूची वायरल होने पर शहर में कई तरह की चर्चाए शुरू हो गई थी। सोशल मीडिया पर वायरल सूची में 82 वार्डो की आरक्षण प्रक्रिया बदली हुई दिखाई गई थी। कई पार्षदों को इसकी भनक लगने पर जोरशोर से मुददा उठाया गया था। इसके संबंध में डीएम और शासन स्तर भी शिकायती पत्र भेजा गया था। वहीं, निगम अधिकारियों ने इस पर यह कहकर पल्ला झाड किया कि सोशल मीडिया पर वायरल आरक्षण सूची से उनका कोई लेना देना नहीं है। जिला प्रशासन और शासन द्वारा स्वीकृत सूची को जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। फिलहाल, वार्ड आरक्षण की सूची को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। इसमें नगर आयुक्त ने फाइनल सूची डीएम को सौंप दी है। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ द्वारा अपनी समस्त कार्यवाही पूरी करते हुए वार्ड आरक्षण की सूची को डीएम के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी अग्रिम कार्यवाही



जारी है। शासनादेश के अनुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले वार्ड आरक्षण की सूची तैयार कर ली गई है। जिसमें नियम अनुसार कार्यवाही संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई है जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए निदेशों के अनुपालन के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है। शीघ्र ही शासन स्तर से आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सभी को उक्त सूची के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाएगी' बैठक में जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त समेत समस्त संबंधित अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनमें एडीएम ऋतु सुहास, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, एसडीएम विनीत आदि मौजूद रहे।




# रिहायशी एरिया में चल रहीं अवैध डेयरिया, नाले हुए चोक

**गाजियाबाद।** मोहन नगर जोन में रिहायशी इलाकों में चल रही अवैध डेरियों से लोग परेशान हैं। डेयरी संचालक भैंसों की गोबर को नालो में बहा देते हैं। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। डेरियों से निकलने वाले गोबर से नाले चोक हो गए हैं और नालों से पानी की निकासी बंद है। पसौंडा, गरिमा गार्डन, शहीद नगर, एक्सटेंशन-2, जनकपुरी, गणेशपुरी, लाजपत नगर आदि जगहों पर करीब 450 डेरिया अवैध रूप से संचालित हैं। जिनका गोबर सीधे तौर पर नालों में बहाया जाता है। शिकायत के बाद भी डेयरी मालिकों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नगर निगम सीमांतर्गत रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रही डेयरियों के खिलाफ निगम की ओर से अभियान चलाया जाता है। निगम की ओर से ऐसी डेरियों को कार्रवाई के लिए चिन्हित किया जाता है जिनसे निकलने वाले गोबर को सीधा नाले में बहा दिया जाता है। इससे नाले चोक होते हैं और आसपास के लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। हल्की सी बारिश में 150 फुटा रोड पर गोबर से नाला चोक हो जाता है और एक्सटेंशन-2 के 40 फ्लैटों में पानी भर जाता है। हालांकि शिकायत के बाद निगम की टीम ने डेयरियों के खिलाफ अभियान चलाया। इसके बाद भी लोगों को गोबर की गंदगी से राहत नहीं मिल रही है।

**आकड़ा**

| इलाका | डेयरी | चालान |
|---|---|---|
| पसौंडा | 90 | 11 |
| गरिमा गार्डन | 30 | 5 |
| एक्सटेंशन-2 | 20 | 7 |
| गणेशपुरी | 45 | 10 |
| जनकपुरी | 40 | 12 |
| लाजपत नगर | 35 | 5 |
| राजेंद्र नगर | 30 | 6 |
| राजीव कॉलोनी | 25 | 4 |



"रिहायशी इलाके में चल रही डेयरियों को चिंहित किया जाएगा। जिन डेयरी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है उन पर जल्द ही जुर्माना लगाया जाएगा।

**राजबीर सिंह,**
**जोनल प्रभारी मोहन नगर जोन**

## छह माह में 60 चालान व 80 हजार जुर्माना वसूला

निगम की ओर से डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई गई है। जिससे डेयरी मालिकों के हौसले बुलंद हैं और रिहायशी इलाकों में इनकी तादात भी बढ़ रही है। मोहन नगर जोन में डेयरी मालिकों के खिलाफ करीब 20 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें निगम की ओर से पिछले छह माह में 60 चालान कर 80 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। हालांकि निगम के अधिकारी का कहना है कि अब नाले में गोबर बहाने पर डेयरी मालिक से प्रत्येक पशु से दो हजार रुपए के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा।

# जनता दर्शन में राज्य मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं



**गाजियाबाद।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कुमार कश्यप ने गुरुवार को अपने आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। दूरदराज से आए हुए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। राज्य मंत्री को खुद अपने बीच में पाकर लोगों के अंदर समस्या के समाधान की उम्मीद भी जगी। लोगों ने कहा कि उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का जल्द ही निराकरण हो जाएगा। लगभग ढाई सौ लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं बताई। साथी ही एक दिव्यांग विधवा सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। राज्य मंत्री ने सबकी फरियाद सुन अधिकारियों को पीड़ितों की समस्या के समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को फोन कर कहा कि आपके कार्यों से नागरिक संतुष्ट नही है, तभी लोग न्याय के लिए इतनी दूर से यहां आ रहे है। इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नही की जाएगी। लोगों की समस्या का समाधान समयानुसार गुणवत्तापूर्ण किया जाए। अगर किसी भी कार्य में किसी अधिकारी की लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता हमारी सेवक नही है, हम जनता के सेवक है और हमारा भी कर्तव्य है कि उनकी शिकायतों का समाधान करना।

# लोनी नगर पालिका में 55 से 60 वार्ड बनाने की अधिसूचना निरस्त

**गाजियाबाद।** लोनी नगर पालिका क्षेत्र में 55 से बढ़ाकर 60 वार्ड बनाने की अधिसूचना शासन ने निरस्त कर दी है। जिला प्रशासन ने यह प्रस्ताव बीते सप्ताह शासन को भेजा था। शासन के विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी ने डीएम को पत्र भेजकर अधिसूचना निरस्त करने की सूचना भेजी है। उन्होंने 55 वार्ड बनाकर नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा है। अब जिला प्रशासन दो दिन में नए सिरे से वार्डों की सीमा का निर्धारण करके नया प्रस्ताव शासन को भेजेगा। नगर विकास विभाग ने लोनी नगर पालिका, मुरादनगर और मोदीनगर पालिका क्षेत्र में कुछ गांवों को शामिल किया था। इसके बाद डीएम राकेश कुमार सिंह ने शासन के आदेश पर तीनों नगर पालिकाओं में सीमा विस्तार कराकर वार्डों का निर्धारण कराया था। लोनी और मोदीनगर में वार्डों की संख्या बढ़ाई गई है, जबकि मानकों के अनुसार मुरादनगर में वार्डों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं की गई थी। लोनी में 55 से बढ़ाकर 60 वार्ड कर दिए गए थे। इस प्रस्ताव की अनंतिम अधिसूचना 14 सितंबर को जारी की गई और फिर 31 अक्तूबर को अंतिम अधिसूचना जारी कर दी गई थी। शासन के पास यह प्रस्ताव पहुंचा तो इसे त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव मानकर निरस्त कर दिया गया। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-9 में दी गई नगर पालिका की संरचना के प्रावधानों के मुताबिक किसी भी नगर पंचायत की दशा में वार्डों की संख्या 10 से कम और 24 से ज्यादा नहीं होगी। इसी तरह किसी भी नगर पालिका में वार्डों की संख्या 25 से कम और 55 से ज्यादा नहीं होगी। जिला प्रशासन ने अपने प्रस्ताव में वार्डों की संख्या बढ़ाकर 60 कर दी थी। यह अधिनियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन था। इसकी वजह से यह अधिसूचना निरस्त कर दी गई।

लोनी नगर पालिका क्षेत्र में आबादी 5.81 लाख हो गई है। आबादी के मानकों के आधार पर प्रत्येक वार्ड के निर्धारण का नियम है। इसके आधार पर 60 वार्ड का प्रस्ताव भेजा गया था। डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुसार अब 55 वार्ड बनाकर प्रस्ताव दो दिन में शासन को भेज दिया जाएगा।

## लोनी में 6 नवंबर को रालोद की जनसभा



**गाजियाबाद।** लोनी में अगामी 6 नवंबर को लोनी में होने जा रही एक विशाल सभा को लेकर गुरुवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसका संबोधन राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चौधरी जयंत चौधरी करेंगे। यह सभा मौजूदा चेयरमैन रंजीता धामा और पूर्व चेयरमैन मनोज धामा के राष्ट्रीय लोक दल में सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली सभा लोनी में हुई है। पार्टी के दिशा निर्देश पर लोनी के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लोगों से संपर्क किया गया और निवेदन किया गया सभा में अधिक से अधिक तादाद में पहुंचे। प्रेस वार्ता को मौजूदा चेयरमैन रंजीता धामा ने संबोधित किया। पूर्व चेयरमैन मनोज धामा एवं जिला अध्यक्ष तेजपाल चौधरी ने बताया चौधरी जयंत सिंह की जनसभा बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। चेयरमैन रंजीता धामा और पूर्व चेयरमैन मनोज धामा के राष्ट्रीय लोक दल में सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोनी में यह पहली विशाल सभा है।

## स्वर्णजयंतीपुरम भूखंड आवंटन घोटाला- कोर्ट में नहीं हो सकी सुनवाई

गाजियाबाद। भूखंड आवंटन घोटाला मामले में बुधवार को इलाहबाद हाईकोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन वह नहीं हो सकी। अब इस मामले में अगली तिथि मिलेगी, जिसमें शासन अपनी विस्तृत शपथ पत्र (डिटेल काउंटर एफिडेविट) देगा। जीडीए ने 1998 से 2003 तक स्वर्णजयंतीपुरम आवासीय योजना के तहत 1583 भूखंडों की 11 योजनाओं को लॉन्च किया था। धनराशि नहीं जमा करवाने और छोड़ने के चलते उनके आवंटन को निरस्त किया गया था। इन निरस्त 139 प्लॉटों को नियमों की अनदेखी कर फरवरी 2005 से फरवरी 2007 के दौरान बहाल किया गया। इस मामले में भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी हाईकोर्ट चले गए। इसी मामले की सुनवाई बुधवार को होनी थी। लेकिन वह हो नहीं सकी है। अब कोर्ट से इस मामले की सुनवाई के लिए अगल तिथि मिलेगी। जिसमें शासन अपनी विस्तृत शपथ पत्र देगा। बता दें कि इस मामले में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से जो शपथ पत्र दिया गया, उसमें पूरी जानकारी नहीं थी। इस कारण मामले की सुनवाई कर रहे जज काफी नाराज हुए और उन्होंने शासन से विस्तृत शपथ पत्र देने के लिए कहा था। वहीं, इस भूखंड आवंटन घोटाले में जीडीए अपने स्तर पर कर्मचारियों पर कार्रवाई कर चुका है। पुलिस ने कुछ कर्मचारियों को पिछले दिनों गिरफ्तार किया था, जो अब जमानत पर बाहर आ चुके हैं। बड़े अधिकारियों की अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## हिंडन एयरफोर्स स्टेशन की दीवार पर बिल्डिंग मेटेरियल से अतिक्रमण

गाजियाबाद। वजीराबाद रोड पर हिंडन एयरफोर्स स्टेशन की दीवार के पास बिल्डिंग मेटेरियल से अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे स्टेशन की सुरक्षा में सेंधमारी हो सकती है। आरोप है कि निगम स्तर से अतिक्रमण करने वाले लोगों को हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। वजीराबाद रोड पर हिंडन एयरफोर्स रोड के दीवार के सहारे लोगों ने बिल्डिंग मेटेरियल से अतिक्रमण कर लिया है। यहां काफी दूर तक डस्ट व ईट का चट्टा लगा है। ऐसे में संदिग्ध एयरफोर्स स्टेशन में एंट्री कर सकता है। हालांकि शिकायत पर निगम ने कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान भी चलाया। लेकिन अतिक्रमण करने वाले लोगों पर इसका कोई असर नहीं है। अभियान के दो दिन बाद लोग दोबारा से अतिक्रमण कर लेते हैं। यहां एयरफोर्स स्टेशन की दीवार के सहारे काफी दूर तक तारों से बेरिकेटिंग भी की गई है। लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमणकारी मनमानी कर रहे हैं। वहीं, समाजसेवी केके सिंह का कहना है कि एयरफोर्स स्टेशन के पास से अतिक्रमण हटाने के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की जाएगी। उधर, जोनल प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। यहां बिल्डिंग मेटेरियल बेचने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर सीएम योगी ने डिप्टी एसपी को बनाया सिपाही

लखनऊ। भ्रष्टाचार के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ी कार्रवाई की है। रिश्वत लेने के आरोपी डिप्टी एसपी को सिपाही बना दिया है। आरोपी डिप्टी एसपी का नाम राम किशोर शर्मा बताया जा रहा है। 2021 में यह रामपुर में तैनात थे। रिश्वत के मामले में प्रशासनिक आधार पर तबादला इनका तबादला कर दिया गया। वर्तमान में यह जालौन पीएसी में तैनात है। जांच में इन्हें दोषी पाया गया जिसके बाद सीएम योगी ने बड़ा एक्शन लिया है। सीएम योगी ने रिश्वत लेने वाले एक अफसर को हवलदार बनाने का निर्देश दिया है। रामपुर पोस्टिंग के दौरान पर इस पर रिश्वत लेने का आरोप लगा था। गृह विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक रामपुर सदर के तत्कालीन क्षेत्राधिकारी राम किशोर शर्मा को रिश्वत लेने के आरोप में उनके मूल पद पर वापस कर दिया गया है। राम किशोर शर्मा को यूपी पुलिस में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया था। पदोन्नति मिलने के बाद उन्हें डिप्टी एसपी के पद पर तैनात किया गया था।

# मध्यम आय वर्गों हेतु अफोर्डेबल हाउसिंग की मांग सबसे ज्यादा, नई नीति में रखें विशेष प्रावधान: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य की नवीन टाउनशिप नीति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने नवीन नीति को अंतिम रूप देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरों के नियोजित एवं सुस्थिर विकास के लिए आवास एवं उससे संबद्ध अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। विगत साढ़े पांच वर्ष में प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत इसे और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निम्न एवं मध्यम आय वर्गों हेतु अफोर्डेबल हाउसिंग की मांग सबसे अधिक हैं, जिसकी पूर्ति में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से सुनियोजित नगरीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की जरूरतों के अनुसार व्यावहारिक नई टाउनशिप नीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास निर्माण के लिए भूमि पहली आवश्यकता है। निवेशकों को भूमि की उपलब्धता आसानी से हो सके, इसके



लिए भूमि जुटाव की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना आवश्यक है। भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को और सरल किया जाए। पूर्व के अनुभवों को देखते हुए विभिन्न स्वीकृतियों/अनापत्तियों हेतु सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था होनी चाहिए। भूमि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किये जाने हेतु 'वर्टिकल डेवलपमेंट' को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। टाउनशिप का न्यूनतम क्षेत्रफल 25 एकड़ तक किया जाना चाहिए। 50 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल की परियोजना में लीड मेम्बर की रियल एस्टेट में अनुभव की अनिवार्यता का प्रावधान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट की स्वीकृति के साथ ही उसकी पूर्णता की समय-सीमा भी तय होनी चाहिए। यह समय-सीमा सुस्पष्ट हो और सभी के लिए बाध्यकारी हो। योजना की शुरूआत के समय कुल परियोजना क्षेत्रफल की न्यूनतम भूमि के सम्बंध में स्पष्ट प्रावधान हो। विगत दिनों शासन स्तर पर विभिन्न नगरीय निकायों की सीमा विस्तार की कार्यवाही हुई है, साथ ही कई नए नगरीय निकाय भी गठित हुए हैं। भविष्य के दृष्टिगत हमें नए शहरों के स्थापना-विकास की दिशा में नियोजित प्रयास करना होगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नवीन शहरों के स्थापना के लिए अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## किसानों को पराली प्रबंधन के विषय में दी जानकारी



**गाजियाबाद।** डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में नाबार्ड द्वारा मुरादनगर के सुराना गावं में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि रामजतन मिश्र, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सी0के0 गौतम, अग्रणी जिला प्रबंधक हिमांशु तिवारी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ (नोएडा केम्पस) से जुडे एग्री स्टार्टअपस फार्मरस फैमिलि एवं फार्म टू फैमिलि के सीईओ, कृषक उत्पादक संघो (एफपीओ) के विभिन्न सदस्य एवं अन्य किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने के लिये आह्वान किया तथा इसके बेहतर उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी दी तथा एफपीओ को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुये आगे बढने के लिये प्रेरित किया। उन्होने एफपीओ को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के विषय में बताया और एफपओ को व्यवसाय बढाने के लिये प्रसंस्करण की ओर रुख करने के लिये प्रेरित किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबधक द्वारा उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्र जैसे की कृषि, सड़क, पुल, सिचाईं व्यवस्था, सामाजिक सुविधाओं का निर्माण, बैंको को सहयोग इत्यादि में नाबार्ड के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कृषक उत्पादक संघ की अवधारना एवं वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किसानों को उन्नत तकनीक, मशीनीकरण, बेहतर खाद्य-बीज, कृषि से सम्बंधित जानकारी, सस्ता, आसान एवं प्रयाप्त ऋण इत्यादि का लाभ पहुंचाने के लिये उनको एफपीओ के तौर पर संगठित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक हिमांशु तिवारी ने एफपीओ को व्यवसाय बढाने के लिये बैंको से जुडने के लिये प्रेरित किया। इसके साथ ही किसानों के लिये बैंको से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि अवसंरचना कोष इत्यादि की भी जानकारी दी। इस मौके पर भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ (नोएडा केम्पस) से जुडे एग्री स्टार्टअपस फार्मरस फैमिलि एवं फार्म टू फैमिलि के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों में एफपीओ एव किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने के लिये बाजार से जोडने हेतु विस्तृत प्रस्तुति दी।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील क्षेत्र में जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता श्री सनातन धर्म इंटर कॉलेज, गाजियाबाद के तत्वावधान में हुआ। इसमें लोनी क्षेत्र, गाजियाबाद क्षेत्र एवं मोदीनगर क्षेत्र एवं मुरादनगर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सह जिला विद्यालय निरीक्षक आशीष पांडेय ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों को अपने कोशल, प्रतिभा का प्रदर्शन करने एवं नये कीर्तिमान स्थापित करने का अवसर मिलता है। विजयी खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने उन्हें मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने बधाई देते हुए आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने विद्यालय, क्षेत्र के साथ साथ जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। सीनियर बालक वर्ग में डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, मोदीनगर के आदित्य ने 100 मीटर एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बब्लू ने 1500 मीटर एवं 3000 मीटर दौड मे प्रथम स्थान, अभिषेक ने 100 मीटर एवं 400 मीटर हर्डल में द्वितीय स्थान, सौरभ ने 6 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

चौधरी चरण इंटर कॉलेज पतला के विकास चौधरी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम एवं कुलदीप ने जेवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त वासु एवं विकास ने भी अपने अपने ईवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर बालक वर्ग में मोदी कॉलेज के सचिन ने 100 मीटर, 200 मीटर एवं सौ मीटर हर्डल में प्रथम स्थान प्राप्त कर व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राप्त की। 1500 मीटर एवं 3000 मीटर दौड़ में मोदी कॉलेज के ही अमन प्रथम स्थान पर रहे।

## जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण जैसे बिंदुओं पर डीएम की समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन, आशाओं का समय पर भुगतान, आदि बिन्दुओं पर हुई समीक्षा बैठक हुई। इसमें चिकित्साधिकारी डॉ0 भवतोष शंखधर ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की । बैठक में उन्होंने गर्भवती महिलाओं की समय से समस्त जांच कराकर उनका संस्थागत एवं सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराए जाने हेतु आशा एवं एएनएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत श्रमिक कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के गरीब लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए।



उन्होंने निर्देशित किया कि पंचायत सहायकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व में चिन्हित लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि वह अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु पांच लाख तक का इलाज सरकारी एवं सम्बद्ध किये गए आयुष्मान प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकें। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित आशाओं एवं एएनएम की बैठकों को नियमित रूप से कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं उनके कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने संस्थागत प्रसव के कार्य में माह सितंबर तक कराये गए प्रसव में नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की प्राइवेट चिकित्सालय में होने वाले प्रसवो को भी सूची में शामिल किया जाए।

उन्होंने जीएसएसके योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत महिलाओं को संस्थागत प्रसव के उपरांत निशुल्क एम्बुलेंस से घर तक पहुँचाने की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बाल स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधीक्षकों को निर्देश दिया की प्रसव के बाद तुरंत डिस्चार्ज न करें, 24 घंटे बाद ही डिस्चार्ज की जाए। बैठक में उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का प्रचार-प्रसार कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एंबुलेंस मैनेजर/संचालको को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के पास समय से पहुंचाए एबुलेंस नही तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा की समय पर उपलब्धता एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 भवतोष शंखधर, डीएसओ डॉ0 आर के गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# Editorial

## The burden of tragedy: On the Morbi bridge tragedy in Gujarat

a tourist attraction in Gujarat's Morbi town, collapsed, sending hundreds of revellers into the Machchhu river below. At least 47 of the dead were children, making it one of India's most horrendous tragedies. Inaugurated in 1879, the bridge was renovated and opened on October 26, four days before the tragedy. This raises several concerns. A company that seems to have had no apparent expertise or track record in the field was awarded the contract. There are questions about the fitness of the bridge; in any case, it was not intended to carry more than 150 people at a time, according to reports. Hundreds were on the bridge when it snapped as there was no crowd control. People were allowed to walk into a death trap. All these point to a major failure of governance at various levels. Gujarat is among the richer States of India, but it has often faced governance challenges — its poor management of the pandemic is a case in point. Human acts of omission and commission often cause tragedies, and significantly change the impact of natural disasters. The police have arrested nine people, including two officials of the company that is now under a cloud, and the government has announced compensation to the kin of the victims. A thorough inquiry and the fixing of accountability must follow quickly. The findings should be made public as soon as possible, and the guilty must face exemplary punishment.Coming out of the long restrictions on travel necessitated by the COVID-19 pandemic, people all over the world appear to be binging on travel and outings. A stampede in Seoul in South Korea killed 154 people last week. In India also, record numbers of people are thronging tourism and pilgrimage spots. While tourism and travel are powerful engines of the economy, there must be more attention paid to ensure that they are safe and sustainable. Tourist and pilgrimage centres around the country should carry out safety and environmental audits to ensure that crowd management and safety protocols are in place to avoid tragedies such as this. Development of new centres where large numbers of people are expected should account for such contingencies.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

## Arsenal manager Mikel Arteta on Bukayo Saka's injury: He was limping but I don't see it further than that

Arsenal manager Mikel Arteta is hopeful the injury that forced Bukayo Saka to limp off midway through the first half against Nottingham Forest is not serious enough to crush his World Cup dreams.

Saka was brilliant in the opening minutes as his cross was converted into a goal by Gabriel Martinelli in the fifth minute. Shortly afterwards, Saka went down injured as he was felled by Forest's Renan Lodi. He tried to continue but eventually asked to be replaced.

The injury to Saka would be a major concern for not only Arsenal but England as only three weeks are left to the start of the World Cup in Qatar. When asked whether Saka's injury was serious, Arteta said: "Hopefully not. It was a bad kick. He was limping but I don't see it



further than that. Both the foot and ankle, he got kicked a few times." Reiss Nelson, who came in as Saka's replacement and made his first Premier League appearance since August 2021, scored a brace to go with goals from Gabriel Martinelli, Thomas Partey and Martin Odegaard as Arsenal thrashed Nottingham Forest 5-0 at the Emirates Stadium on Sunday. "I'm happy for him, he's a player that is really trying hard," Arteta commented on Nelson. "He has changed and evolved a lot, even though he has not had minutes.

# Surprising how India sometimes start with such little intent

Former England captain Michael Vaughan questioned India's intent against South Africa, saying it was surprising to see Men in Blue's "little intent to be really aggressive with the bat" in the T20 World Cup match.



South Africa pacer Lungi Ngidi (4/29) rattled India's top-order, reducing them to 41/3 inside seven overs. Wayne Parnell joined the party as he returned with the figures of 3/15 in his four-over quota.

South Africa immense .. the first over set the tone .. it's surprises how India sometimes start with such little intent to be really aggressive with the bat in T20 .. #ICCT20WorldCup2022," Vaughan tweeted. After a horrendous start, Suryakumar Yadav (68 off 40) lifted India to 133/9 to give the bowlers something to defend. In reply, South Africa suffered an early hiccup as Arshdeep Singh got the crucial wickets of Quinton de Kock (1) and Rilee Rossouw (0) early on.

However, South Africa's middle-order rose to the occasion as Aiden Markram and David Miller's fifties took the Proteas home with two balls to spare. Markram and Miller took the match deep before Miller stood tall towards the end to take South Africa on top of the group table. We expected the pitch to have something in it, with the weather around. We knew there will be help for the seamers. Which is why you saw that 130 was not an easy chase. I thought we fought well till the end but South Africa played well in the end," India captain Rohit Sharma said after the match.

The pitch is such that the wicket can come any time for the seamers. It was a match-winning partnership from Miller and Markram. But we were not good enough on the field. We have played in such conditions so conditions are not an excuse. We want to be consistent in that department. We could not hold on to our chances, we missed a few run-outs including myself."

# T20 World Cup: India legend Sunil Gavaskar says mental conditioning coach needs to talk to KL Rahul

India legend Sunil Gavaskar has said that India's mental conditioning coach Paddy Upton needs to talk to KL Rahul to get his confidence back up. Rahul has been struggling for form and has failed to put up double figures while opening for India in the ongoing ICC Men's T20 World Cup. Speaking with Sports Tak, Gavaskar stressed the importance of Paddy Upton speaking with Rahul to help him get back in form. "We have Paddy Upton as the mental conditioning coach and if he has not done anything with him. While the batting coach can tell him his mistakes, there is a need for the mental



conditioning coach to talk with the player to increase his confidence. He should tell Rahul that he has got the talent and he can score big runs," said Gavaskar. The former India batter also said that the team needs to show patience with Rahul as he is the only opening option that India has. "Look, you have just played three matches and you have to play a total of 5 matches in the Super 12 stage. You do not have any other opener, I do not think you have an opener who can take the place of Rahul. So you need to show patience with him, we know what he can do when he is in full flow. I think someone needs to have a word with him," Gavaskar added. Rahul has been in horrendous form for India at the T20 World Cup, scoring just 22 runs in the first three Super-12 matches. The 30-year-old managed only four runs against Pakistan, being cleaned up by Naseem Shah. He went on to score just nine against the Netherlands, getting caught lbw by Paul van Meekeren.

# Satwiksairaj Rankireddy and Chirag Shetty continue strong run, enter finals

Indian men's doubles pairing Satwiksairaj Rankireddy and Chirag Shetty continued their ascent in 2022 after registering a commanding straight-game win over Korean pair of Choi Sol Gyu and Kim Won Ho at the French Open on Saturday, 29 October. The Commonwealth Games gold medal winners



progressed to the men's doubles final of the French Open Super 750 badminton tournament at Paris. The world number 8 Indian pair dished out an attacking game to outwit the Korean combination 21-18 21-14 in the semifinals that lasted 45 minutes. The Indian pair, thus, reached its second final of a BWF world tour event in 2022, having won the India Open Super 500 tournament in January earlier this year.

# आपराधिक वारदातों को लेकर एसएसपी ने विभागीय अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**गाजियाबाद।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगा पाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। अब 1 जनवरी से 26 अक्टूबर तक पंजीकृत हुए लूट के मामलों का अनावरण नहीं करने वाले थाना प्रभारियों पर गाज गिरेगी।



बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी मुनिराज जी ने अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारी को यह कड़े निर्देश दिए। एसएसपी मुनिराज जी ने एसपी देहात डॉ. ईरज राजा, एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा, सीओ, एएसपी एवं जिले के थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए थाना प्रभारी प्रभावी तरीके से कार्रवाई करें। एसएसपी ने 1 जनवरी से 26 अक्टूबर तक थानों में दर्ज लूट के मामलों में की गई कार्रवाई का विवरण एवं खुलासा नहीं होने वाले लूट के मामलों का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

वहीं, अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करें। हालांकि एसएसपी हर छोटी से बड़ी घटना पर खुद ही नजर रखते हैं। अपराधों को लेकर लगातार कर रहे समीक्षा बैठक में लूट, चोरी, चेन स्नेचिंग आदि मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले के सभी एडिशनल एसपी, सीओ और थाना प्रभारियों को पूरी डिटेल के साथ अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिस थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं ज्यादा हो रही है, उन पर तत्काल अंकुश लगाएं।

## रोडवेज बसों में नई पहल, अब साधारण बसों में भी आनलाइन टिकट बुक कर सफर करने का मौका

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने यात्रियों की सहूलियत के लिए अच्छी पहल शुरू की है। अब एसी बसों के साथ साधारण बसों का ऑनलाइन टिकट बुक करके सफर कर सकेंगे। इसके लिए रोडवेज ने तैयारियां शुरू कर दी है। गाजियाबाद रीजन के सभी बस डिपो से ऑनलाइन टिकट के लिए साधारण बसों का चयन किया जा रहा है। जल्द ही रोडवेज की तरफ से यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी।परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के लिए छोटी और लंबी दूरी की यात्रा के लिए अब ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा शुरू करने जा रहा है। मुख्यालय से आए आदेश के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने रीजन के सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से लंबी और छोटी दूरी के लिए संचालित होने वाली साधारण बसों का चयन करने को कहा है। जल्द ही सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अधिकारियों द्वारा साधारण बसों का चयन करके रिपोर्ट मुख्यालय भेजा जाएगा। इसके बाद यात्री रोडवेज की साइट पर जाकर ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कौशांबी बस अड्डा और दिल्ली से मेरठ, मुज्जफरनगर, लखनऊ, बरेली, हरिद्वार,



ऋषिकेश, झांसी, महोबा, कानपुर, गोरखपुर सहित अन्य जिलों के लिए कुल 600 साधारण बसों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में आसापास जिले और लंबी दूरी के लिए संचालित साधारण बसों के लिए चयन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज के बेड़े में 300 अनुबंधित साधारण बसें शामिल होगी। रोडवेज के अधिकारी इसके लिए बस मालिकों से संपर्क कर रहे है। इनमें दो साल से आठ साल पुरानी साधारण बस शामिल होगी। अनुबंधित साधारण बस शामिल होने से यात्रियों को सहूलियत होगी। क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि शासन से आदेश आने के बाद गाजियाबाद रीजन में 300 अनुबंधित साधारण बस शामिल किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो से पांच साल पुरानी डीजल और दो से आठ साल पुरानी सीएनजी की बसें होगी।

## किसानों ने बढ़े मुआवजा की मांग को लेकर सांसद-विधायक के पुतले जलाए, शवयात्रा निकाली



**गाजियाबाद।** मंडोला विहार योजना से प्रभावित किसानों ने रविवार को योगी सरकार की शवयात्रा निकाली। धरना स्थल से शुरू हुई ये यात्रा आवास-विकास परिषद कार्यालय के बाहर पहुंची। जहां किसानों ने क्षेत्रीय सांसद जनरल वीके सिंह, विधायक नंदकिशोर गुर्जर और इखढ नेता बसंत त्यागी के पुतले जलाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में तीखी झड़प व धक्का मुक्की भी हुई। मंडोला विहार योजना के तहत साल 1998 में 6 गांव (मंडोला, नानू, मिलक बामला, अगरोला, नवादा, मक्सूदाबाद) की 2614 एकड़ भूमि अधिग्रहित की थी। उस वक्त 1100 रुपए की दर से किसानों को मुआवजा दिया गया था। 2 दिसंबर 2016 को मंडोला समेत 6 गांव के किसानों ने '2013 भूमि अधिग्रहण अधिनियम' के तहत भूमि का मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। तब से आज तक धरना जारी है। इस दौरान किसानों ने विरोध के कई तरीके बदले, लेकिन समस्या हल नहीं हुई। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि छह वर्ष पहले हमें भाजपा के नेताओं ने ही धरने पर बैठाया था। लेकिन अब मांगों पर सहमति बनवाने के लिए जनप्रतिनिधि कोई प्रयास नहीं कर रहे। मांग की गई है कि 31 अक्टूबर को बोर्ड बैठक बुलाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करके उनका निदान किया जाए।

## बिना रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर प्रदूषण फैला रहे चार लाख वाहन

**गाजियाबाद।** शहर में प्रदूषण बढ़ने के कारण हवा जहरीली है और ऐसे में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वहीं, गाजियाबाद में करीब चार लाख वाहन सड़कों पर प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। यह हालत तो तब है कि जब दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप लागू हुए एक माह का समय हो चुका है। एनजीटी के आदेशों को ताक पर रखकर बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट वाले वाहनों का संचालन जारी है। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में एक अक्तूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू हो गया है। नियमों को ताक पर रखकर वाहनों का संचालन हो रहा है। एनजीटी के आदेशों के मुताबिक प्रदूषणकारी वाहन, ओवरलोडिंग वाहनों, बिना ढके और बिना ढके निर्माण सामग्री का परिवहन, 10 वर्ष पुराने डीजल एवं 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ सड़कों का संचालन प्रतिबंधित है। बिल्डिंग मेटेरियल के सामान का बिना ढके परिवहन हो रहा है। जिले में 11,12,020 वाहन पंजीकृत हैं। इनमें कुल 3.90 लाख वाहन सड़क पर बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के संचालित हो रहे हैं। इनमें व्यावसायिक, चौपहिया और दुपहिया वाहन शामिल हैं। इन वाहनों के सापेक्ष परिवहन विभाग की कार्रवाई रस्म अदायगी है। यह हालत तो तब है कि जब प्रवर्तन दल की चार टीमें काम कर रही हैं। लेकिन बिना पीयूसी वाहनों का संचालन परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं, प्रदूषण जांच केंद्र 185 स्थानों पर लगे हैं। ज्यादातर पेट्रोल पंपों में केंद्रों का संचालन हो रहा है। तीन सालों में 54 पीयूसी केंद्र बढ़े हैं, यानि वाहन संचालक किसी फ्यूल पंप से वाहनों की जांच करा सकते है। लेकिन वाहन स्वामी गाड़ियों की जांच नहीं करा रहे हैं। आरटीओ प्रवर्तन केडी सिंह गौर ने बताया कि, 'प्रवर्तन विभाग द्वारा अक्तूबर में बिना पीयूसी, बिना ढके वाहनों को लेकर132 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 5.44 लाख का जुमार्ना वसूला गया है।' अब जिले में डीजल के 10 साल पुराने 44,557 और पेट्रोल के 15 साल पुराने 295657 वाहन सड़क पर चल रहे हैं। कुल मिलाकर 3,40,214 पुरानी वाहन सड़क पर है।

## आखिरी दिन एमएमएच कालेज में 16 छात्रों ने लिया एडमिशन

**गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में परास्नातक, पारंपरिक व व्यवसायिक कोर्स में दाखिले के लिए कालेजों में काफी चहल पहल देखने को मिली। एमएचएच कॉलेज में आखिरी दिन यानी बुधवार को सबसे ज्यादा दाखिला एलएलबी पाठ्यक्रम में हुए हैं। एमएमएच कॉलेज में एलएलबी की कुल 120 सीटें हैं। जिसमें बुधवार को 16 छात्रों ने दाखिला लिया है। अभी तक दोनों सूची में कुल मिलाकर 76 सीटें ही भर पाई हैं। जिसमें जनरल कटेगरी की 39 सीटें, ओबीसी की 19 सीटें, एससी की 18 सीटों पर दाखिला हुआ है। वहीं एलएलबी के लिए सुंदरदीप कॉलेज में 120 में 60 सीटों पर, रिलायबल इंस्टीट्यूट में 180 में से 141 सीटों पर, आईपीएस कालेज में 120 में से 91 सीटों पर दाखिले हो चुकें है। एमए के हिंदी में एमएमएच कॉलेज में 19, एडडी कॉलेज में छह, वीएमएलजी कॉलेज में 12 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। वहीं भूगोल में एएएच में 11 सीटों पर और इतिहास में एएमएच कॉलेज में 28, एसडी कॉलेज में 18 सीटों पर दाखिले हुए हैं। अर्शशास्त्र में एमएमएच कॉलेज में 45, एसडी में 12 सीटों पर दाखिले हुएं हैं।

## निकाय चुनाव के लिए बढ़े डेढ़ लाख से ज्यादा मतदाता

**गाजियाबाद।** निकाय चुनाव नवंबर-दिसंबर माह में होने प्रस्तावित हैं। इसके मद्देनजर गाजियाबाद जिले में मतदाताओं के नाम सूची में बढ़ाने, घटाने और संशोधित करने का कार्य तेज गति से चल रहा है। सोमवार को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन किया गया। सूची के ड्राफ्ट के प्रकाशन के बाद सामने आया है कि निकाय चुनाव में इस बार 1,84, 277 मतदाता बढ़े हैं। जिन मतदाताओं का नाम अभी भी मतदाता सूची में नही जुड़ा है, वो एक से सात नवंबर के बीच फार्म भरकर आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन होने के बाद पता चला कि दिल्ली नगर निगम में 96, 965, नगर पालिका परिषद मोदीनगर में 11, 161 नगर पालिका परिषद मुरादनगर में 11, 493 नगर पालिका परिषद लोनी में 46,348 नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर में 8,802 नगर पंचायत निवाड़ी में 875, नगर पंचायत पतला में 290, नगर पंचायत फरीदनगर में 2,149 और नगर पंचायत डासना में 5,764 मतदाता बढ़े हैं। निकाय चुनाव में मतदान के लिए 2,274 मतदेय स्थल बनाए जाएंगे। इनमें गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में 1,186, मोदीनगर में 199, मुरादनगर में 104, लोनी में 546, खोड़ा-मकनपुर में 173, निवाड़ी में 10, पतला में 10, फरीदनगर में 12 और डासना में 34 मतदेय स्थलों पर मतदान होगा। ऋतु सुहास (एडीएम प्रशासन) का कहना है कि गाजियाबाद निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सात नवंबर तक अपना नाम ऑफलाइन माध्यम से और चार नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। 18 नवंबर को मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# कंटारा के देव कोला सीक्वेंस के शूट के लिए छोड़ दिया नॉनवेज

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म कंटारा रिलीज हुई बाकी भाषाओं में भी अच्छा बिजनेस कर रही है। 14 अक्टूबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर दर्जनों कमाई के रिकॉर्ड दर्ज करवाए हैं।इस फिल्म की यूनीक स्टोरी लाइन और कल्चरल कंटेंट दर्शकों को एंटरटेन करने में सफल साबित हुआ है। छोटे बजट में बनी कांतारा को विश्वभर में दर्शकों की सराहना मिल रही है।ये फिल्म छोटे बजट की जरूर है लेकिन इस फिल्म को बनाने के लिए मेकर्स और एक्टर्स की टीम ने खून पसीना एक किया है।इस फिल्म की शूटिंग को लेकर फिल्म के एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने खास बात का भी जिक्र किया है। कांतारा के हिट होने के कारण एक अहम कारण



इस फिल्म में दिखाई गई धार्मिक अनुष्ठानों की भव्यता भी है।फिल्म के एक खास सीन को लेकर ऋषभ शेट्टी ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने देव कोला सीक्वेंस शूट करने से पहले 20 से 30 दिन पहले ही नॉन वेज छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि देव कोला अलंकार पहनने के बाद वह सिर्फ सिर्फ नारियल पानी ही पीते थे। उन्होंने कहा, देव कोला अलंकार पहनने के बाद मैं नारियल पानी के अलावा कुछ नहीं खाता-पीता था, मुझे बस इस सीक्वेंस के शूट से पहले और बाद में प्रसाद खाने को दिया जाता था।ह्व इस फिल्म के शूट को लेकर ऋषभ ने कहा कि कांतारा को शूट करना आसान नहीं था। उन्होंने कहा एक्सप्रेशन की वजह से नहीं बल्कि एक्शन की वजह से कांतारा को शूट करना कठिन रहा। उन्होंने नॉन वेज छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि, देव कोला सीक्वेंस को शूट करने के लिए उन्हें 50 से 60 किलो वजन उठाना होता था।इसके लिए ही उन्होंने नॉन वेज छोड़ा ताकि वह अपना वजन कम कर सकें। हम्बेल फिल्म्स के बैनर तले बनी कांतारा फिल्म का बजट 16 करोड़ बताया जा रहा है।कांतारा दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी कन्नड़ फिल्म साबित हुई है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई दर्ज करवाई है। यही नहीं हम्बेल फिल्म्स के बैनर तले बनी दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्म ङ्क्त्र्र२ का रिकॉर्ड भी कांतारा ने धवस्त कर दिया है। कांतारा ने व्यूरशिप की रेस में ङ्क्त्र्र२ को पछाड़ दिया है। कांतारा मूवी की फैन लिस्ट में सिनेप्रमियों के अलावा कई सेलेब्स भी शामिल हो गए हैं। हाल ही में कंगना रनोट ने कांतारा फिल्म की तरीफ को लेकर एक पोस्ट भी लिखा था, मुझे लगता है कि कांतारा को अगले साल ऑस्कर्स में एंट्री मिलनी चाहिए, मुझे पता है कि साल बाकी है और बेहतर फिल्में आ सकती हैं। लेकिन ऑस्कर से ज्यादा ये जरूरी है कि दुनियाभर में भारत का प्रतिनिधित्व सही तरीके से होना चाहिए। कंगना के अलावा डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने भी कांतारा की खूब तारीफ की।

# एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तीन साल बाद वतन वापसी

बॉलीवुड की देसी गर्ल ने दुनियाभर में अपने नाम का डंका बजा रखा है।वह अब भारत ही नहीं विदेश में भी सफलता का स्वाद चख चुकी हैं।ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा किसी न किसी वजह से आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी फिल्मों को लेकर तो कभी अपनी निजी जिंदगी के कारण चचाओं में रहने वाली देसी गर्ल पिछले कई वर्षों से अपने पति निक, बेटी मालती और परिवार वालों के साथ विदेश में रह रही हैं।जिसके चलते उनके भारतीय फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार रहते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर फॉलो भी करते हैं। जो फैंस हमारी प्यारी देसी गर्ल को भारतीय धरती पर कदम रखते देखना चाहते हैं उनके लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा जल्दी भारत वापस आ रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब तीन साल बाद अपने भारत लौटने की जानकारी साझा की है। इस बार वह अपने देश अकेली नहीं बल्कि अपनी लाडली बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ आ रही हैं।प्रियंका यह जानकारी साझा करते हुए काफी भावुक दिखाई दीं। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी यूएसए-मुंबई फ्लाइट के बोर्डिंग पास की एक तस्वीर पोस्ट की है और इसके साथ एक कैप्शन भी लिखा।लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद अपने देश लौटने के




एहसास से बेहतर कुछ नहीं होता। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इस समय बहुत ज्यादा खुश हैं और इसकी वजह उनका लगभग तीन साल बाद भारत लौटना है।इंस्टाग्राम स्टोरी पर बोर्डिंग पास की तस्वीर साझा करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'आखिरकारङ्घर जा रही हूं। करीब 3 साल बाद।' इस ट्रिप पर उनके साथ उनकी प्यारी सी नन्हीं राजकुमारी मालती मैरी चोपड़ा भी होंगी। बता दें, यह मालती की पहली भारत यात्रा होगी।प्रियंका कोरोना महामारी के बाद पहली बार भारत लौट रही हैं।प्रियंका कई वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं।

वह देश में पढ़ने के लिए 12 साल की उम्र में अमेरिका चली गई थीं।लेकिन वर्षों बाद वह भारत लौटीं और बॉलीवुड में अपना करियर बनाया। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक बेहतरीन करियर के बाद, प्रियंका ने साल 2015 में 'क्वांटिको' से हॉलीवुड में कदम रखा था। इतना ही नहीं साल 2018 में उन्होंने अमेरिकी सिंगर और म्यूजिशियन निक जोनस से शादी भी रचा ली थी, जिसके बाद वह पूरी तरह से अमेरिका शिफ्ट हो गई थीं।

# 4 दिसंबर को हंसिका मोटवानी शादी के बंधन में बंध जाएंगी

पिछले दिनों बॉलीवुड और साउथ एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी को लेकर इस बात की खूब चर्चा रही कि वह दिसंबर में शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। हंसिका मोटवानी का दूल्हा कौन है? रिपोर्ट में उनके मिस्ट्री मैन से भी पर्दा उठ गया है। रिपोर्ट में वेडिंग वेन्यू से लेकर सेरेमनी से जुड़ी कई डिटेल्स सामने आई हैं. एक्ट्रेस से जुड़े एक करीबी ने बताया कि हंसिका की शादी 4 दिसंबर को है लेकिन शादी के फंक्शन 2 दिसंबर से शुरू हो जाएंगे। ये एक डेस्टिनेशन वेडिंग होगी। जयपुर में होने जा रहे इस शादी समारोह में उनके परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। जानकारी में सामने आया है कि 4 दिसंबर की शाम को फेरे लिए जाएंगे और 4 की सुबह ही हल्दी सेरेमनी होगी।

पोलो मैच से लेकर कसीनो पार्टी जैसे खास इवेंट्स भी है शादी का हिस्सा



30 साल की हंसिका मोटवानी की रॉयल वेडिंग में शादी के रस्मों के अलावा कई तरह के ओर सेलिब्रेशन इवेंट्स को भी शामिल किया गया है। शादी में आए मेहमानो के लिए खास पोलो मैच का इंतजाम भी किया गया है। इसके अलावा शादी समारोह के चौथे दिन की शाम को थीम बेस्ड कसीनो पार्टी का आयोजन भी किया गया है। इसके अलावा इस रॉयल वेडिंग के हर खास दिन के लिए खास ड्रेस थीम भी रखा गया है, जिसमें डार्क से पेस्टल शेड्स के ड्रेस कोड देखने को मिलेंगे।

पहले इस बात की खूब चर्चा रही कि हंसिका अरेंज मैरिज करने जा रही हैं। लेकिन हंसिका के म्यूच्यूअल फ्रेंड ने बताया कि वह अरेंज नहीं बल्कि लव मैरिज करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हंसिका अपने बॉयफ्रेंड के साथ ही शादी के बंधन में बंधेंगी। कई सालों से डेट कर रही जोड़ी ने अब शादी के बंधन में बंधने का फैसला लिया है। जानकारी में ये भी बात पता चली है कि आखिर कौन है हंसिका मिस्ट्री ग्रूम? बताया गया है हंसिका बॉयफ्रेंड सोहेल कथुरिया, जो कि मुंबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। दोनों एक दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे हैं और एक कंपनी में दोनों पार्टनर भी हैं। हंसिका ने अपनी शादी को लेकर फिलहाल मीडिया से कोई जानकारी शेयर नहीं की है।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस रंभा की कार हादसे का शिकार

बंधन, जुड़वा और क्रोध जैसी तमाम सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं बॉलीवुड एक्ट्रेस रंभा की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। इस दुर्घटना में उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और उनकी बेटी की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक्सीडेंट के वक्त गाड़ी में रंभा के साथ-साथ उनके बच्चे और उनकी नैनी भी सवार थीं। रंभा की बेटी को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। एक्सीडेंट की ये तस्वीरें खुद रंभा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए रंभा ने लिखा, 'स्कूल से बच्चों को लेकर वापस आ रही थी जब चौराहे पर एक कार ने हमारी कार को टक्कर मार दी। कार में मैं, बच्चे और नैनी थीं। हम सभी को मामूली चोटें आई हैं लेकिन हम सुरक्षित हैं। मेरी छोटी बेटी साशा अभी भी हॉस्पिटल मे है। बुरा दिन और बुरा वक्त, प्लीज हमारे लिए दुआ करना। आपकी दुआएं बहुत मायने रखती हैं।'फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि रंभा और उनका परिवार सुरक्षित है। हालांकि उनकी बेटी अभी भी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। रंभा ने एक्सीडेंट की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें पहली फोटो में उनकी बेटी नजर आ रही है जिसे डॉक्टर्स ट्रीटमेंट के लिए ले जा रहे हैं। दूसरी और तीसरी फोटो में दुर्घटनाग्रस्त कार नजर आ रही है जिसकी हालत काफी खराब है। गाड़ी के एयर बैग खुले नजर आ रहे हैं! रंभा की इस पोस्ट पर ढेरों सेलेब्रिटीज और फैंस ने कमेंट करके उनकी खैरियत पूछी है और उनके लिए दुआ मांगी है। बता दें कि रंभा का असली नाम विजयलक्ष्मी था और उन्होंने हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और अंग्रेजी फिल्मों में भी काम किया है।

# KBC-14 में महानायक अमिताभ तारीफ करने वाले को बीच में टोक देते हैं बताई वजह

कौन बनेगा करोड़पति में जब भी कोई कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन की तारीफ करता है तो वह हमेशा उसे टोक देते हैं या बात को दूसरी तरफ घुमा देते हैं। बॉलीवुड के महानायक ऐसा क्यों करते हैं? इस राज से अमिताभ बच्चन ने KBC-14 के सोमवार के एपिसोड में पर्दा उठाया। हुआ यूं कि ओड़िशा से आईं कंटेस्टेंट पूजा त्रिपाठी हॉटसीट पर बैठी हुई थीं और अमिताभ बच्चन से ढेरों बातें करती जा रही थीं।



**तारीफ करने पर टोक क्यों देते हैं?**

पूजा त्रिपाठी ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीता और फिर ऑडियंस में बैठीं बुआ के पैर छूकर आईं। हॉटसीट पर विराजमान होते ही पूजा ने अमिताभ बच्चन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। अमिताभ बच्चन ने जब उन्हें टोका तो पूजा त्रिपाठी ने उनसे खुलकर पूछ लिया कि मैंने देखा है कि जब भी कोई आपकी तारीफ करता है तो आप उसे टोक देते हैं। ऐसा क्यों है?

**अमिताभ ने बांधे तारीफों के पुल**

अमिताभ बच्चन ने एक पल रुककर पूजा त्रिपाठी से पूछा कि कोई दिनभर हर वक्त अगर आपकी तारीफ ही करता रहे तो आपको कैसा लगेगा? इस पर पूजा त्रिपाठी ने कहा- बहुत अच्छा। बस फिर क्या था। अमिताभ बच्चन ने बिना देर किए पूजा त्रिपाठी के बालों से लेकर उनके गालों और लिपस्टिक तक हर चीज की तारीफ करनी शुरू कर दी। यह देखकर पूरी ऑडियंस ठहाके मारकर हंसने लग गई। पूजा त्रिपाठी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाई। लेकिन काफी देर तक पूजा त्रिपाठी की तारीफें करने के बाद अमिताभ बच्चन ने कहा कि पागल हो जाएगा इंसान अगर हर वक्त कोई सिर्फ उसकी तारीफ ही करता रहे।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया उत्तर भारत के पहले डाटा सेंटर योट्टा डी-1 का लोकार्पण

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में उत्तर भारत के पहले डाटा सेंटर योट्टा डी-1 का लोकार्पण सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। सेक्टर नालेज पार्क पांच में हीरानंदानी ग्रुप द्वारा 250 मेगावाट की क्षमता वाले डाटा सेंटर को 1500 करोड़ रुपये में तीन लाख वर्ग मीटर में बनाया गया है। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रौद्योगिक राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे।

इस मौके पर हीरानंदानी ग्रुप के संस्थापक व एमडी डा. निरंजन हीरानंदानी योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर के सह संस्थापक दर्शन हीरानंदानी, योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर के सह संस्थापक व सीईओ सुनील गुप्ता,



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के अभियान को इस परियोजना से नई गति मिलेगी। उत्तर भारत के पहले डाटा सेंटर की उत्तर प्रदेश में शुरूआत हुई यह प्रसन्नता का क्षण है। दुनिया में 150 करोड़ मोबाइल फोन व भारत में 65 करोड़ इंटरनेट उपभोक्ता हैं। दुनिया के 30 प्रतिशत डाटा की खपत भारत में होती है, लेकिन हमारे पास इसके स्टोरेज की क्षमता मात्र दो प्रतिशत थी। हमें दुनियाभर में जगह तलाशनी पड़ती थी। अब उत्तर प्रदेश में यह संभव होगा। प्रधानमंत्री के डिजिटल के संकल्प को मजबूत करता है। एक भारतीय ने इसकी शुरूआत की यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। गौतमबुद्ध नगर आइटी क्षेत्र का प्रमुख केंद्र है। आइटी के क्षेत्र में लगातार निवेश हो रहे हैं, और भी लोग रुचि ले रहे हैं। दुनिया का सबसे अच्छा मैनपावर भी आज उत्तर प्रदेश के अंदर मौजूद है। प्रदेश का युवा आइटी क्षेत्र में दुनिया में अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का प्रदर्शन कर रहा है। उसे अवसर मिलेगा तो वह दोगुनी क्षमता के साथ वैसे ही प्रदर्शन करेगा, जैसे डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश में कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को आगामी पांच वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डालर तक लाने का जो वादा देशवासियों के साथ किया है, वह संभव होगा। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ही प्रदेश ने अपनी क्षमता को विकसित करना शुरू किया है। लेकिन अब से पहले तक इस पर कार्य नहीं किया जा रहा था।

## बैडमिंटन खिलाड़ी भव्य छाबड़ा ने दिखाया जलवा

गाजियाबाद। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय यूपी स्टेट जूनियर अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ है। जिसमें गाजियाबाद की भव्य छाबड़ा ने पहला स्थान हासिल किया है। यूपी स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए फाइनल मैच के मिश्रित युगल में जिले की भव्य छाबड़ा और हापुड़ की काजल पनवार ने मुजफ्फनगर के उज्वल तोमर और कानपुर की ऐशानी सिंह को हराया। वहीं अन्य जिले के एकल बालिका वर्ग में काजल पनवार ने ऐशानी सिंह को और बालक वर्ग में अंश विशाल गुप्ता ने रेहान सिद्दीकी को हराया। युगल के बालिका वर्ग में रामा सिंह और सुजाता ने ऐशानी सिंह और प्रिया शुक्ला को, बालक वर्ग में अराध्य शर्मा और देव माहेश्वरी ने अंश विशाल गुप्ता और अश्वनी सिंह को हराया। गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि रहे डॉ पी एन अरोड़ा के द्वारा दो लाख रूपए देखर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष ललित जायसवाल, सतीश शर्मा, दिशा यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## आईजीआरएस पर लंबित प्रकरणों को लेकर डीएम ने जताई नाराजगी

गाजियाबाद। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आईजीआरएस पर लंबित प्रकरणों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों से कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें स्पष्ट किया है कि जिन जिन विभागीय अधिकारियों के आईजीआरएस पर लंबित प्रकरण हैं वह 24 घंटे के भीतर अभियान चलाकर सभी लंबित प्रकरणों का शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता परक रूप से निस्तारण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में ऐसा न करने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की जाएगी। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं कि जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर सरकार का आइजीआरएस पोर्टल बहुत ही महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा निरंतर स्तर पर इस कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में बहुत ही गंभीरता दिखाएं और प्रकरण प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका निस्तारण सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में उनके विरुद्ध उच्च स्तरीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भुवनेश चौहान ने जीता मेडल

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के सैनिक पब्लिक स्कूल के छात्र भुवनेश चौहान ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अपना जलवा दिखाया है। सिरोही पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो चैंपियनशिप चैंपियनशिप हुई, जिसमें कई जनपदों के 300 से अधिक ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

अंडर-14 आयु वर्ग में भुवनेश चौहान ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया और मेडल जीता। कोच सारा खान ने बताया कि कि चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों को बेहतर गुर सिखाए गए थे। इसमें भुवनेश चौहान ने चैंपियनशिप में शानदार परफॉर्मेंस किया है। अब जल्द ही विजेता खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप



में अपना जलवा दिखाएंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ स्वर्ण व रजत पदक दिए गए। वहीं, भुवनेश चौहान की शानदार प्रस्तुति से परिवार में खुशी का माहौल है। भुवनेश के पिता राजीव चौहान ने बताया कि खेलों में अच्छा भविष्य है। उनकी तमन्ना है कि भुवनेश मेहतन और परिश्रम के बल पर आगे बढ़े और एक दिन देश के लिए मेडल लाए। वहीं, भुवनेश की मां अशु देवी ने भी उसकी शानदार प्रस्तुति पर खुशी जताई।

## जनपद में 20 दिसंबर तक धारा 144 लागू

**गाजियाबाद।** गुरुनानक जंयती, कार्तिक पूर्णिमा, शहीदी दिवस के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के चलते जनपद में 20 दिसंबर तक धारा-144 लागू की गई है। इस दौरान किसी भी संगठन को धरना प्रदर्शन, जुलूस या फिर किसी आम सभा के आयोजन के लिए प्रशासन से लिखित इजाजत लेनी होगी। रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक तेज आवाज में माइक का प्रयोग नहीं करेगा।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के मुताबिक धारा-144 लागू होने के बाद लोगों को कई नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। जिनमें पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। कोई भी व्यक्ति या समूह यातायात जाम नहीं करेगा। किसी सरकारी या गैर सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी पर जाने से नहीं रोकेगा। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित रूप से अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्र से कोई ऐसी नारेबाजी या भ्रामक प्रचार नहीं करेगा। रात दस बजे से सुबह छह बजे तक किसी तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा।

बिना लिखित अनुमति के किसी स्थान पर कोई भी आमसभा आयोजित नहीं की जाएगी और न ही कोई जुलूस अथवा किसी प्रकार का प्रदर्शन किया जाएगा। आवास के भीतर या बाहर ईंट के टुकड़े, सोडा वाटर की बोतलें एकत्रित करना मना है। कोई व्यक्ति, समूह राजनीतिक, जातीय, धार्मिक, व सामाजिक भावनाओं को बिगाड़ने वाले किसी प्रकार के नारे आदि नहीं लगाएगा न ही इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार करेगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर में विकास कार्यों तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

**नोएडा।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सभागार में जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें गौतमबुद्धनगर में विकास कार्यों तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश के लिए शो-विण्डो के रूप में कार्य करता है। इसलिए समस्त अधिकारियों के दायित्व और अधिक बढ़ जाते हैं। अधिकारी विकास एवं कानून व्यवस्था को लेकर और अधिक प्रयास करें, ताकि जनपद में औद्योगिक विकास की दृष्टि से अधिक से अधिक निवेशक आएं और अपने उद्यमों की स्थापना सुनिश्चित कर सकें। गौतम बुद्ध नगर




जनपद में विकास की प्रबल संभावनाएं हैं। सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ प्रोजेक्ट तैयार करते हुए जनपद के विकास को गति देने का कार्य सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारी आपसी समन्वय से ऐसी कार्य योजना तैयार करें, जिससे जनपद का तीव्र विकास एवं जनसंवाद और अधिक सुदृढ़ हो सके। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व संग्रह की दृष्टि से भी यह एक महत्वपूर्ण जनपद है। राज्य कर, आबकारी सहित अन्य मदों में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक राजस्व संग्रहीत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोएडा में अनेक गणमान्य व्यक्ति प्रवास कर रहे हैं। उच्च सेवाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी यहां पर अपेक्षाओं के साथ रह रहे हैं। इस दिशा में समस्त अधिकारियों द्वारा ऐसा प्लेटफार्म तैयार किया जाए, जिससे सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके। पर्यावरण की दृष्टि से यह अत्यंत संवेदनशील जनपद है। जनपद के पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से सभी प्राधिकरणों के अधिकारी जनपद में इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन को प्राथमिकता देने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। सी0एस0आर0 के माध्यम से जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित करते हुए अच्छे स्कूल तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में कार्य किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा इस दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने आयुक्त मेरठ मण्डल को निर्देशित किया कि सहारनपुर से जनपद गौतमबुद्धनगर तक हिण्डन नदी के पर्यावरण को शुद्ध करने की दिशा में विशेष कार्ययोजना बनाकर अन्तिम रूप प्रदान करते हुए उसके अनुरूप व्यापक स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही मॉर्निंग वॉक के लिए सुरक्षित पार्क चिन्हित करने एवं उन्हें विकसित करने के भी निर्देश दिए, ताकि जनपद के नागरिक सुरक्षित होकर चिन्हित पार्कों में मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंच सकें। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यन्दीह्न सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा प्राधिकरणों, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने मोहन नगर व वसुंधरा जोन में हाउस टैक्स वसूली के लिए किया निर्देशित

**गाजियाबाद।** नगरायुक्त डॉ. नितिन गौड़ द्वारा टैक्स विभाग के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसमें राजस्व बढ़ाने हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा संबंधित अधिकारियों के साथ की गई। राजस्व बढ़ाने वाली समीक्षा बैठक में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, समस्त जोनल प्रभारी तथा कर अधीक्षक भी उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम की आय को बढ़ाने के लिए महापौर आशा शर्मा, नगरायुक्त डॉ.नितिन गौड़, निगम अधिकारी सहित समस्त पार्षद भी प्रयासरत हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए लगातार संबंधित टैक्स विभाग द्वारा कार्यवाही में तेजी लाई जा रही है जिन घरों पर टैक्स नहीं लगे हैं उनको टैक्स के दायरे में लाया जा रहा है। सभी जोनल प्रभारियों को अवकाश के दिन भी विशेष कार्य योजना




बनाते हुए कैंप लगाने के लिए निर्देश दिए हुए हैं। अन्य लाइसेंस संबंधित कार्यवाही में भी टैक्स विभाग तेजी ला रहा है जिस के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। नगरायुक्त द्वारा बैठक में कर वसूली बढ़ाने हेतु उपस्थित जनों को कड़े निर्देश दिए गए, समस्त जोनल प्रभारियों क लक्ष्य निर्धारित किया गया निर्देश देते हुए कहा गया कि पूर्व वित्त वर्ष से 50 प्रतिशत अधिक की वसूली कराई जानी है जिसमें समस्त टैक्स विभाग की टीम अपने लक्ष्य को लेकर कार्यवाही बढ़ाएं। नगरायुक्त द्वारा विजय नगर जोन के जोनल प्रभारी तथा मोहन नगर जोन के जोनल प्रभारी राजवीर को भी कम वसूली होने पर कड़े निर्देश दिए गए। शासन के द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु नगरायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अगर उनके द्वारा 15 दिन में दिए गए लक्ष्य को पूर्ण नहीं किया जाता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ.संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि महापौर आशा शर्मा तथा नगरायुक्त के निर्देश के क्रम में समस्त जोन हाउस टैक्स वसूली लक्ष्य पूर्ण करने के लिए तेजी पर है। शासन द्वारा कर वसूली का लक्ष्य भी

बढ़ाया गया है। पूर्व में 175 करोड़ लगभग कर वसूली का टारगेट दिया गया था जोकि इस वित्तीय वर्ष हेतु लगभग 263 करोड़ दिया गया है जिसके चलते दिए हुए टारगेट पर मोहन नगर जोन में 35 प्रतिशत की ही वसूली की गई है। विजयनगर जून में 39 प्रतिशत की वसूली की गई है कवि नगर जोन में 46प्रतिशत की वसूली की गई है सिटी जोन में 44 प्रतिशत की वसूली की गई है वसुंधरा जोन में 45 प्रतिशत की वसूली की गई है, जिसके लिए, नगरायुक्त द्वारा शत प्रतिशत टारगेट पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए हैं जिसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। शहर हित मे टैक्स की वसूली बढ़ाना बेहद जरूरी है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहरवासियों से समन्वय बनाते हुए कार्यवाही में तेजी ला रहा है जिसमें पार्षदों का भी विशेष योगदान गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हो रहा है जो कि सराहनीय है।

# डॉक्टर के पर्चे पर जेनरिक दवाएं गायब, जन औषधि केंद्रों पर आई ताला लटकने की नौबत

**गाजियाबाद।** लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र खोले गए थे, लेकिन डॉक्टरों के पर्चे पर जेनरिक दवाएं न लिखने की वजह से इन पर ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। घाटे में जा रहे लोग अब इन जन औषधि केंद्रों को बंद करने लगे हैं। गाजियाबाद में 10 जन औषधि केंद्र बंद हो चुके हैं। मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी जिलों में जन औषधि केंद्र खुलवाए थे। इन दुकानों पर मिलने वाली दवाएं प्राइवेट कंपनियों की ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 90 फीसदी तक सस्ती हैं।

जन औषधि केंद्रों पर तकरीबन 250 तरह की दवाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिनमें कैंसर तक की दवा उपलब्ध हैं। शुरूआत में लोगों का रुझान इनकी तरफ बढ़ा, लेकिन प्राइवेट डॉक्टरों ने जेनरिक दवाएं मरीजों के पर्चे पर लिखी ही नहीं। इसकी वजह से धीरे-धीरे यह जन औषधि



केंद्र बंद होने लगे। अब तक 10 जन औषधि केंद्र बंद हो चुके हैं। इनमें करीब ढाई माह पहले बंद हुआ संयुक्त जिला अस्पताल का जन औषधि केंद्र भी शामिल है। इसके संचालक अमित का कहना है कि सरकारी अस्पताल में दवाएं मुफ्त मिलती हैं और प्राइवेट डॉक्टर मरीजों के पर्चे पर ब्रांडेड दवा लिखते हैं। ऐसी स्थिति में दवाओं की बिक्री नहीं हो रही थी।

जेनरिक दवाओं की बिक्री न होने पर जन औषधि केंद्रों के संचालकों ने ब्रांडेड दवा बेचनी शुरू कर दी। हालांकि यह अपराध नहीं है, लेकिन उनके अनुबंध में इसकी इजाजत नहीं है। ब्रांडेड दवा बेचने की शिकायत पर अफसरों ने जांच की और चार केंद्रों को सील कर दिया था। यानी जेनरिक दवाओं को खरीदार नहीं मिल रहे और जिन दवाओं के खरीदार उपलब्ध हैं, उन्हें जन औषधि केंद्र संचालक बेच नहीं सकते। अपने जन औषधि केंद्र को बंद कर चुके विक्की रोतेला का कहना है कि अगर कोई मरीज डॉक्टर की मर्जी के बगैर जेनरिक दवाएं ले भी जाता था तो डॉक्टर उन्हें वापस करा देते थे। उन्हें कहा जाता था कि यह दवाएं असर नहीं करेंगी। इसके बाद धीरे-धीरे लोगों का विश्वास भी उठ गया।

जन औषधि केंद्र संचालकों ने कई स्थानों पर स्टोर बंद किए हैं। कुछ स्थानों पर ऐसे केंद्रों पर ब्रांडेड दवा मिलने के कारण उन्हें सील किया गया था। उधर, ड्रग इंस्पेक्टर अनुरोध कुमार ने बताया कि ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है कि डॉक्टर किसी विशेष कंपनी की दवा पर्चे पर लिखे। जन औषधि केंद्र संचालक केंद्र को बंद करने की सूचना नहीं देते हैं।

# संयुक्त अस्पताल में तकनीकी खराबी के चलते ऑक्सीजन प्लांट बंद



**गाजियाबाद।** संयुक्त अस्पताल का आक्सीजन प्लांट तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया हैं। प्लांट पर ताला लटका पड़ा है और पिछले एक सप्ताह से इसका संचालन नहीं हो पाया हैं। ऐसे में मरीजों को भी ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी के चलते निजी अस्पतालों ने बेड होने के बाजवूद मरीजों को भर्ती तक करने से मना कर दिया गया था। ऑक्सीजन की कमी ना हो, इसके नौ सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था की गई। इससे मरीजों को ऑक्सीजन की कमी का सामना ना करना पड़ा। संयुक्त अस्पताल में भी 150 व 500 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया। ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन सितम्बर 2021 में किया था। बताया गया कि इस ऑक्सीजन प्लांट से अस्पताल के सभी बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई करने की योजना बनाई गई। वर्तमान में जिले में कोरोना संक्रमण का प्रभाव लगभग समाप्ति की ओर से है, अब शायद ऑक्सीजन प्लांट की ओर अधिक ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण बीते एक सप्ताह से खराब पड़ा है। ऑक्सीजन प्लांट को अभी तक दुरुस्त नहीं कराया गया। सीएमएस डॉ. विनोद चन्द पांडेय का कहना है कि ऑक्सीजन प्लांट में प्रेशर नहीं बनने की समस्या आई थी। इसके बाद टेक्नीशियन को बुलाया गया था, टेक्नीशियन द्वारा प्लांट से कोई पार्ट लेकर गए है मंगलवार तक इसे दुरुस्त कर प्लांट से ऑक्सीजन सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# बेसमेंट की खुदाई से भरभरा कर गिर गया तीन मंजिला मकान, बाल-बाल बचे लोग

**गाजियाबाद।** शहर के टीला मोड़ में बुधवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। एक तीन मंजिला इमारत दो सेकंड के अंदर ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर गिर गई। धमाके की आवाज सुनकर मोहल्ले वाले बाहर आ गए। हालांकि हादसे के दो मिनट पहले ही मकान खाली कराया गया था। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि दो मंजिला इमारत अचानक गिर गई। दरअसल, बेसमेंट की खुदाई चल रही थी। इसके चलते इस मकान में दरार आ गई थी। खतरा भांपते हुए यह मकान हादसे से पहले ही खाली कर दिया गया था। परिजनों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है, जिसने शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। बेसमेंट की खुदाई का काम चालू रहा। उधर, बिल्डर ने पीड़ित को नया मकान बनवाकर देने की बात कही है। गरिमा गार्डन स्थित शालीमार सिटी में इन दिनों एक बहुमंजिला इमारत के लिए बेसमेंट की खुदाई चल रही है। इससे कई मकान सटे हुए हैं, जिनमें मंगलवार को दरार आ गई। सबसे ज्यादा क्रैक शकील के मकान में आए। स्थानीय लोगों ने यूपी-112 नंबर पर इसकी शिकायत की, तो पुलिस मौके पर आ गई। मौके पर खतरे की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बेसमेंट खुदाई का काम बंद करा दिया। हालांकि तब तक 18-20 फीट गहरा बेसमेंट खुद चुका था। उधर, खतरा बढ़ता देख शकील ने शाम करीब 4 बजे अपना मकान खाली कर दिया। वह पड़ोस के ही एक खाली मकान में शिफ्ट हो गया। शकील के साथ घर में पत्नी, दो बच्चे और दो रिश्तेदार मौजूद थे। उनके निकलने से पहले ही प्लास्टर झड़ना शुरू हो गया था।

# एमएमजी अस्पताल में धूल फांक रही हेल्थ एटीएम मशीन

**गाजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल के ब्लड़ बैंक में हेल्थ एटीएम को लगे हुए 15 दिन हो चुके हैं। लेकिन अभी तक स्टॉफ को ट्रेनिंग तक नहीं दी गई है। इसकी वजह से मशीन धूल फांक रही है और 15 दिन में हेल्थ एटीएम का स्विच ऑन भी नहीं किया गया है। अभी तक ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच के स्टिक की खरीददारी भी नहीं की जा सकी हैं। जनपद में सात स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाई गई हैं। संयुक्त अस्पताल के ईसीजी कमरे और एमएमजी अस्पताल में ब्लड बैंक में हेल्थ एटीएम मशीन लगाई गई हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम में लगने वाली ग्लूको स्टिक और हीमोग्लोबिन जांच की स्टिक खत्म हो गई है। निजी कंपनी के सीआरएस फंड से मिली हेल्थ एटीएम की कीमत 3.68 लाख रुपए हैं। इतनी महंगी मशीन होने के बाद भी जांच स्टिक के सैंपल के तौर पर 50 दी गई थी। जो टेस्टिंग में ही खत्म हो गई।

अस्पतालों को दुविधा यह है कि स्टिक की खरीद किस फंड से करें। स्टिक खत्म होने से फिलहाल मरीजों को इंस्टेंट जांचों का लाभ नहीं मिल रहा है। फिलहाल मशीन बंद पड़ी हैं। मशीन में लिक्विड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन, नेत्र जांच समेत 40 जांच के जाने की सुविधा है। लेकिन फिलहाल इनका काम हाइट नापने और वजन तोलने तक सिमट गए हैं। ऐसे में इस कार्य को भी मैनुअल ही किया जा रहा है और अस्पतालों में मशीन को बंद कर दिया गया हैं। हेल्थ एटीएम से 5 मिनट में 40 जांच करने का दावा किया जा रहा था। लेकिन एक आदमी की जांच में 20 मिनट से ज्यादा का समय लग रहा है। इसके कारण स्वास्थ्य कर्मी मशीन से जांच करने की बजाए मैनुअली जांच करने में ज्यादा रूचि ले रहे है।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.